प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

27.04.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15.00बजे

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ज़ोर देकर कहा है कि पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों और इसकी साजिश रचने वालों को कठोरतम जवाब दिया जाएगा। आकाशवाणी पर आज मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर दुख व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह हमला आतंकवाद के आकाओं की हताशा और कायरता को दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि इस हमले के बाद पूरी दुनिया से संवेदनाएं आ रही हैं और वैश्विक नेताओं ने हमले की कड़ी निंदा की है। प्रधानमंत्री ने डॉक्टर के. कस्तूरीरंगन के निधन पर दुख जताते हुए कहा कि देश ने एक महान वैज्ञानिक खो दिया है। हिमाचल प्रदेश में किन्नौर ज़िले की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि किन्नौर में केसर का उत्पादन शुरू हो गया है जबकि अब तक ये ज़िला केवल सेब के लिए प्रसिद्ध था। एक पेड़ मां के नाम अभियान 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर एक वर्ष पूरा करने जा रहा है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रसन्नता जताई कि देश के बाहर भी लोगों ने अपनी मां के नाम पर पौधे लगाए हैं।

भेंट–मुख्यमंत्री

जम्मू कश्मीर के कृषि मंत्री जावेद अहमद डार ने कल शिमला में मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू से शिष्टाचार भेंट की और मुख्यमंत्री से हिमाचल प्रदेश में काम करने वाले कश्मीरी लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया। जावेद अहमद डार ने हाल ही में पहलगाम में पर्यटकों पर हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के लोग शांतिप्रिय हैं और भाईचारे व सद्भाव के मूल्यों में विश्वास रखते हैं। उन्होंने इस बर्बर हमले की निंदा करते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में हिमाचल प्रदेश पीड़ितों के परिजनों के साथ मज़बूती से खड़ा है। मुख्यमंत्री ने जम्मू–कश्मीर के कृषि मंत्री को आश्वासन दिया कि प्रदेश में रह रहे जम्मू–कश्मीर के लोगों की सुरक्षा के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे।

पीएम आवास योजना

पीएम शहरी आवास योजना के तहत शिमला शहर में पांच सौ मकान बनाए जाएंगे। राजधानी के ढली में ये आवास तैयार किए जाएंगे। नगर निगम के मासिक सदन में इसका प्रस्ताव रखा गया था जिसे मंजूरी मिलने के बाद प्रदेश सरकार तथा बाद में केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। नगर निगम शिमला के महापौर सुरेंद्र चौहान ने कहा कि इस योजना के लिए केंद्र सरकार से पीएम शहरी आवास योजना से बजट लिया जाएगा।

शिक्षक निलंबित

शिक्षा विभाग ने प्रदेश सरकार के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने पर चार पदाधिकारियों समेत छह शिक्षकों को निलंबित कर दिया है। गौरतलब है कि प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रारंभिक शिक्षा और उच्च शिक्षा निदेशालय को एक निदेशालय बनाने के सरकार के फैसले के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे। शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई के आदेश मिलने के बाद शिक्षकों ने क्रमिक अनशन शुरू कर दिया है।

भूस्खलन

चम्बा ज़िले की पांगी घाटी को कुल्लू के रास्ते जोड़ने वाला एस.के.टी.टी. मुख्य मार्ग तिंदी के समीप कढ़ूनाला में आज सुबह भारी भूस्खलन के चलते अवरूद्ध हो गया है। ऐसे में सड़क के दोनों ओर कई वाहन फंस गए हैं। पंगवाल एकता मंच ने सीमा सड़क संगठन से इस मार्ग को जल्द खोलने का आग्रह किया है। मंच के अध्यक्ष त्रिलोक ठाकुर ने उम्मीद जताई कि मार्ग पर यातायात जल्द ही सुचारू हो जाएगा।

हरोली उत्सव

राज्य स्तरीय हरोली उत्सव आज से शुरू हो रहा है। कांगड़ मैदान में आयोजित किए जा रहे इस तीन दिवसीय उत्सव के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल उत्सव का विधिवत शुभारंभ करेंगे। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे ऊना संवाददाता की ये

---